**B.A. (Honours) Semester-V Examination 2016**
**Hindi (Honours)**
**Course - H-12**
**कला साहित्य : भाग-2**

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 8×2=16

(क) झूठ मैं नहीं कहूँगा कि उनके यहाँ दूध-दही खाने को मुझे कभी नहीं मिला। मिला क्यों नहीं, लेकिन सिनेह और जतन से नहीं। अमृत भी अगर दुतकारकर मिला तो क्या मिला? उस मिलने से न मिलना लाख गुना अच्छा।

(ख) वह आशा चाहे जिंदगी-भर पूरी न हो...होती भी नहीं है... फिर भी मन है कि इधर-उधर नहीं जाता, बस उसी में अटका रह जाता है।

(ग) यह अक्सर होता है। जब तुम कुछ लोगों से मिलते हो, लगता है तुम बहुत बाद में मिले हो। पहली बार का विस्मय तुम्हारे लिए होता है– और सुख भी। उनके लिए नहीं होता। उन्हें जब हुआ था, तब तुम नहीं थे।

(घ) उसके मुख पर मौत की भीषण छाया नाच रही थी और वह जिन्दगी से जोंक की तरह चिमटा था– लेकिन जोंक वह था या जिन्दगी? वह जिन्दगी का खून चूस रहा था या जिन्दगी उसका? ... मैं तय न कर पाया।

2. निम्नलिखित प्रश्नों मे से किन्ही **दो** के उत्तर दीजिए- 12×2=24

(क) 'बलचनमा' उपन्यास के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'वे दिन' उपन्यास की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) 'आपका बंटी' उपन्यास की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(घ) कहानी-कला की दृष्टि से 'टूटना' अथवा 'बदबू' कहानी की समीक्षा कीजिए।